>

Title: Regarding poor condition of BSNL towers in Betul District, Madhya Pradesh.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र के बड़े संवेदनशील विषय पर केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करती हूं। बैतूल हरदा हरसूद में बीएसएनएल की सेवा की स्थिति बहुत ही खराब है। पूरे बैतूल जिले में 116 बीएसएनएल के टावर लगे हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों में लगे हुए हैं। इन स्थानों पर विद्युतिकरण नहीं होने के कारण यह टावर हमेशा ज्यादातर समय बंद रहते हैं। साथ ही कई स्थानों पर मोबाइल कवरेज दिखाने के बावजूद भी मोबाइल प्राय: बंद पाए जाते हैं। आज भी हमारे देश के वनग्राम विद्युत विहीन हैं। ऐसे विद्युत विहीन ग्राम में टावर जेनरेटर के माध्यम से चलाए जाते हैं। शायद 15 दिनों से महीने तक, इसमें केवल एक हफ्ते जेनरेटर की व्यवस्था की जाती है। इन कारणों से जो बीएसएनएल की सुविधा उन गांवों को मिलनी चाहिए, वह सुविधा उन्हें प्राप्त नहीं होती है। कई जगह तो टावर बन कर तैयार हैं, लेकिन वे भी आज तक शुरू नहीं हुए हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र के बैतूल, चिल्लौर, महतपुर जावरा, चूनालोहमा, झापल, धार (खामला) आदि, इसी प्रकार के ऐसे ही संसदीय क्षेत्र के हरदा जिले में भी गहाल, दीपगांव कला, बेड़ी, रनाईकला आदि कई ऐसे टावर हैं, जो बन कर तैयार हैं, परन्तु आज तक वे शुरू नहीं हुए हैं। साथ ही कई स्थानों पर बीएसएनएल के नए टावर लगाने की आवश्यकता है, जिससे कि आम जनता को इसका लाभ मिल सके।

सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।